अवैध पटाखा की दुकान से हो सकता है हादसा

सासाराम (आससे) दीपावली को लेकर पटाखा का कारोबार काफी बढ जाता है। सूत्र बताते हैं और मिली जानकारी के अनुसार शहर के गोला बाजार व मुरादाबाद में कई अवैध पटाखा दुकान का संचालन हो रहा है और वह काफी मात्रा में अपनी दुकानों में पटाखा का भंडारण किए हुए हैं। रियायसी इलाकों में स्थित इन पटाखा की दुकानों से बड़ा हादसा हो सकता है वही सूत्र बताते हैं और नाम नहीं छापने की शर्त पर लोग बताते हैं कि दुकानदार दुकान के अलावा दुकान से सटे अगल-बगल के क्षेत्र में भी पटाखा का भंडारण करके रखे हैं दीपावली पर बेचने के लिए दुकानों पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है वही रियायसी इलाक और भीड़भाड़ वाले बाजार में स्थित होने से बड़ा हादसा हो सकता है और एक बड़ा जान माल का नुकसान हो सकता है। मुरादाबाद में जहां कई दुकान पटाखे की खुली हुई है वहीं शहर के सबसे भीड़ भाड़ वाले गोला बाजार में भी कई पाटाखा की दुकान अवैध रूप से खुली हुई है इनके द्वारा नियमों को ताक पर रखकर यह दुकान खोले गए हैं। मुरादाबाद में तो कई अवैध पटाखा का दुकाने सालों भर खुली रहती है। ना तो नगर थाना ओपी ना ही मुफस्सिल थाना ना ही जिले के कोई पदाधिकारी इन अवैध पटक दुकानों के संचालक पर रोक लगाने के लिए कभी कोई कार्रवाई करते हैं। त्योहार पर बड़ा हादसा न हो इसको लेकर जिला प्रशासन को अवैध पटाखा दुकान पर कार्रवाई करनी चाहिए साथ वैध दुकानों को भी आबादी और भीड़भाड़ वाले बाजार से दुर स्थापित करना चाहिए।



सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से किया जागरूक

भभुआ/कैमूर (आससे)। बच्चों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की जानकारी देने के उद्देश्य से नालसा एवं साइबर थाना के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएलएसए सचिव एवं साइबर डीएसपी, कैमूर के नेतृत्व में जिले के दो विद्यालयों में कार्यक्रम हुआ ।इसके तहत डीएवी पब्लिक स्कूल, रतवार और टाउन हाई स्कूल, भभुआ में सैकड़ों छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी संदेशों, संदिग्ध लिंक, अनजान लोगों के साथ निजी जानकारी साझा करने तथा इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के प्रति सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया ।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को डिजिटल माध्यमों के जिम्मेदार उपयोग के प्रति सजग बनाना और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताना था। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।



मोहनिया टोल प्लाजा पर ट्रक चालक से अवैध वसूली, आरोपी गिरफ्तार

भभुआ/कैमूर (आससे)। मोहनिया थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा स्थित उत्पाद जांच चौकी पर ट्रक चालक से कथित अवैध वसूली के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के पंचरुखिया गांव निवासी 34 वर्षीय अनिल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है ।पुलिस के अनुसार, 27 अक्टूबर की शाम गश्ती के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति ट्रक चालक से पांच हजार रुपये की मांग कर रहा है। आरोप है कि चालक ने डर के कारण ढाई हजार रुपये दे दिए। इसके बाद उसे शिकायत करने पर ट्रक के पहिये से कुचलकर मारने की धमकी दी गई।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में नशामुक्त बिहार को लेकर बैठक आयोजित

औरंगाबाद (आससे)। बिहार सरकार के मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के निर्देश के आलोक में राज्यव्यापी *नशामुक्त बिहार अभियान* के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जिले में व्यापक जन-जागरूकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज-दिनांक 28 अक्टूबर 2026 को जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद श्रीमती अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद श्री उपेन्द्र नाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में दिनांक 27 अक्टूबर से 25 नवंबर तक संचालित एक माह के नशामुक्त बिहार अभियान, 26 नवंबर को आयोजित होने वाले नशामुक्ति दिवस तथा 06 दिसंबर को प्रस्तावित पटना मैराथन के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सफल आयोजन से संबंधित विभागीय निर्देशों के प्रभावी अनुपालन पर चर्चा की गई।

बैठक में अभियान को केवल औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसे जन-आंदोलन का स्वरूप देने, समाज के प्रत्येक वर्ग तक नशामुक्ति का संदेश पहुँचाने तथा युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं, जीविका दीदियों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अभियान को चार थीम आधारित सप्ताहों में संचालित किया जा रहा है। बैठक में इन गतिविधियों के जिले में प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

इस सप्ताह के अंतर्गत नगर निकाय क्षेत्रों में नशामुक्ति के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। नगर निगम एवं नगर निकायों के वाहनों तथा स्थानीय एफएम के माध्यम से जागरूकता संबंधी जिंगल प्रसारित किए जाएंगे। बस स्टैंड, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बैनर-पोस्टर लगाए जाएंगे तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। सार्वजनिक स्थलों पर सेल्फी पॉइंट के माध्यम से भी लोगों को अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा ।इस सप्ताह ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जन-जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। जीविका के सामुदायिक संगठनों एवं संकुल स्तरीय संघों के माध्यम से जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे। नशामुक्ति मित्रों एवं सामुदायिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता से ग्रामीण परिवारों तक नशे के दुष्परिणामों का संदेश पहुँचाया जाएगा। पंचायत भवनों, चिह्नित हॉटस्पॉट एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर एलईडी वैन तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

इस सप्ताह त्योहारों एवं पारिवारिक सहभागिता के माध्यम से नशामुक्ति के संदेश को व्यापक बनाया जाएगा। जिंगल, सेलिब्रिटी वीडियो, पोस्टर, बैनर एवं होर्डिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रमुख घाटों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता संबंधी संदेश प्रदर्शित करने तथा आवश्यकतानुसार अन्य जनसंपर्क गतिविधियाँ आयोजित करने पर बल दिया गया।

इस सप्ताह विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं को केंद्र में रखकर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। नशामुक्ति विषय पर निबंध लेखन, वाद-विवाद, परिचर्चा, ओपन माइक तथा अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। ब्रह्माकुमारी संस्थान के सहयोग से निर्धारित कार्यक्रम आयोजित करने, एलईडी वैन के माध्यम से संदेश प्रसारित करने तथा विद्यार्थियों को नशामुक्ति की प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया गया।

अभियान के प्रारंभिक चरण में जिला स्तर पर ऐसे महाविद्यालय अथवा छात्रावास का चयन करने का निर्देश दिया गया है, जहाँ विद्यार्थी सहभागिता के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध हो। चयनित संस्थान में विद्यार्थियों एवं जिलास्तरीय पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी।

साथ ही, चयनित स्थलों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करने तथा निर्धारित तिथि तक आयोजित कार्यक्रमों की तस्वीरें, वीडियो एवं शपथ ग्रहण से संबंधित विवरण विभाग को उपलब्ध कराने पर बल दिया गया, ताकि अभियान की प्रगति का नियमित अनुश्रवण किया जा सके।

बैठक में अभियान के सफल संचालन हेतु संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करने पर बल दिया गया। नगर निकायों, पंचायत राज संस्थाओं, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा संस्थानों, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, ऊर्जा विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, समाज कल्याण विभाग तथा जीविका सहित संबंधित विभागों के माध्यम से नशामुक्ति के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा।

सार्वजनिक स्थलों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, अस्पतालों, बसों तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर नशामुक्ति संबंधी संदेशों के प्रदर्शन एवं प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त, समाचार पत्रों, डिजिटल माध्यमों, वीडियो संदेशों, बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करने पर बल दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने तथा जनभागीदारी को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई एवं जागरूकता के प्रयासों को साथ-साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

जिला प्रशासन, औरंगाबाद आम नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सामाजिक संगठनों से अपील करता है कि वे नशामुक्त बिहार अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएँ तथा अपने परिवार, समुदाय एवं आसपास के लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें।

नशामुक्ति के संदेश को प्रत्येक घर एवं प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाकर स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ।

प्राक्कलन के विपरीत बना 70 फीट नाला तोड़ने का आदेश

भभुआ/कैमूर (आससे)। भभुआ शहर के वार्ड संख्या 25 में प्राक्कलन के अनुरूप नाला निर्माण नहीं कराए जाने की शिकायत पर नगर पर्षद ने सख्त रुख अपनाया है। अधिकारियों ने करीब 70 फीट निर्मित नाले को तोड़कर निर्धारित मानकों के अनुसार दोबारा बनाने का निर्देश दिया है। मंगलवार को स्थानीय लोगों के विरोध के बाद अधिकारियों ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद संवेदक ने नाले को तोड़ना शुरू कर दिया।

नगर पर्षद के अनुसार, मुन्ना तिवारी के घर से ददरा रोड स्थित काली मंदिर तक ह्यूम पाइप के साथ पीसीसी सड़क और नाला निर्माण पर 15.72 लाख रुपये खर्च किए जाने हैं। निर्माण की जिम्मेदारी कृष्णावती देवी कंस्ट्रक्शन को दी गई है। कार्य 13 सितंबर से चल रहा है ।स्थानीय निवासी उमा शंकर तिवारी, नीलेश चौधरी, ओम प्रकाश तिवारी और मनोज सिंह मुन्ना तिवारी सहित अन्य लोगों ने नाले में सरिया के पर्याप्त इस्तेमाल और सीमेंट की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए। शिकायत मिलने पर कार्यपालक अभियंता प्रेरणा कुमारी और कनीय अभियंता अर्जुन प्रसाद मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने संवेदक को प्राक्कलन के अनुसार दोबारा निर्माण कराने का निर्देश दिया ।स्थानीय लोगों ने शहर की सभी निर्माण योजनाओं की नियमित निगरानी और गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि सरकारी राशि का सदुपयोग हो और निर्माण टिकाऊ बने।



कैमूर युवा उत्सव में 402 प्रतिभागी दिखा रहे हुनर, कला से नवाचार तक सजेगा मंच

भभुआ/कैमूर (आससे)। जिले की युवा प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से बुधवार को लिच्छवी भवन में जिला युवा उत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय उत्सव का उद्घाटन जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और नवाचार का बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की।

28 और 29 अक्टूबर को आयोजित उत्सव में कुल 402 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन समूह लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला और कविता लेखन प्रतियोगिताओं में 249 प्रतिभागी शामिल हुए। दूसरे दिन समूह लोकनृत्य, लघु वीडियो और नवाचार चुनौती प्रतियोगिताओं में 153 प्रतिभागी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

उत्सव में पारंपरिक लोककला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ डिजिटल माध्यम तथा नवाचार को भी शामिल किया गया है। जिलाधिकारी कुमार अनुराग ने कहा कि युवाओं में असीम ऊर्जा और क्षमता है। उचित अवसर मिलने पर वे अपनी प्रतिभा को नई पहचान दे सकते हैं। ऐसे आयोजन स्थानीय कला-संस्कृति के संरक्षण और युवाओं की रचनात्मकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण हैं।

विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को समापन समारोह में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रतिभागी और दर्शक उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने आम लोगों और कला प्रेमियों से उत्सव में पहुंचकर युवाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित राजकुमार प्रसाद गुप्ता और राजेश कुमार सिंह का हुआ अभिनंदन

दाउदनगर (औरंगाबाद) (आससे)। मध्य विद्यालय पिलछी, दाउदनगर के चेतना सत्र में बुधवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजकीय शिक्षक सम्मान 2026 से सम्मानित मध्य विद्यालय सलैया, मदनपुर के प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता को सम्मानित किया गया। उनके साथ मध्य विद्यालय चन्द्रगढ, नवीनगर के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह का भी भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. अशोक कुमार ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने जिले को राजकीय शिक्षक सम्मान दिलाकर पूरे औरंगाबाद जिले का मान बढ़ाया है। वहीं राजेश कुमार सिंह ने भी अपने विद्यालय में लगातार सकारात्मक बदलाव और पठन - पाठन के माहौल को बेहतर बनाकर शिक्षा में नई मिसाल कायम की है। इस अवसर पर दोनों अतिथि प्रधानाध्यापकों को फूल - माला एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। %इको क्लब फॉर मिशन लाइफ% के सदस्यों द्वारा पौधा भेंट किया गया और विद्यालय परिसर में दोनों प्रधानाध्यापकों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। दोनों ने पिलछी विद्यालय की बागवानी और आकर्षक पेंटिंग्स की सराहना की और कहा कि सीमित संसाधन में भी विद्यालयी व्यवस्था को आदर्श बनाया जा सकता है। इसी चेतना सत्र में विभागीय निर्देश के आलोक में ई - कचरा संग्रहण अभियान भी चलाया गया। इको क्लब की प्रभारी शिक्षिका चन्दा सिंह ने बच्चों को चार प्रकार के डस्टबिन - नीला, हरा, लाल और काला के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आज संग्रहित ई - कचरे को अग्रेत्तर निस्तारण के लिए प्रखंड संसाधन केंद्र, दाउदनगर में जमा कराया जाएगा।



लोकतंत्र की मजबूती और मतदाता सूची की शुद्धता पर भाजपा ने की बैठक

डिहरी-ऑन-सोन (आससे)। भारतीय जनता पार्टी, रोहतास जिला इकाई की ओर से मंगलवार को डिहरी के एनिकट स्थित बाबा गणिनाथ मंदिर परिसर में 'लोकतंत्र बचाओ, घुसपैठिया हटाओ' अभियान के तहत प्रबुद्ध एवं प्रभावशाली व्यक्तियों की बैठक आयोजित की गई। दोपहर दो बजे आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सह अभियान प्रभारी आरती गुप्ता ने की, जबकि संचालन जिला प्रवक्ता सह कार्यक्रम प्रभारी प्रकाश गोस्वामी ने किया।

बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने तथा वंदे मातरम् के गायन के साथ हुई। इस दौरान लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती, मतदाता सूची की शुद्धता और निर्वाचन प्रक्रिया में जनभागीदारी जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

जिला उपाध्यक्ष आरती गुप्ता ने कहा कि अवैध घुसपैठ से जुड़े मुद्दों, मतदाता सूची की पारदर्शिता और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे विषयों पर जागरूकता जरूरी है। उन्होंने पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने तथा अपात्र प्रविष्टियों के संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया ।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बबल कश्यप ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने, निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया बनाए रखने और मतदाता सूची की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में जनभागीदारी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली में शामिल होने का कांग्रेस ने किया आह्वान

भभुआ/कैमूर (आससे)। जिला कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन में बुधवार को जिला अध्यक्ष राधे श्याम कुशवाहा की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें उन्होंने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए ।कुशवाहा ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत लाखों वैध मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

नीरज ने मारी बाजी, जनसुराज को...

साल 2008 में नीरज कुमार को अनंत सिंह का समर्थन मिला और वह पहली बार बिहार विधान परिषद के सदस्य बने। इसके बाद 2014 में उन्होंने दूसरी बार जीत दर्ज की।

वर्ष 2020 में जेडीयू के टिकट पर चुनाव जीतकर वह तीसरी बार विधान परिषद पहुंचे। अब 2026 के चुनाव में जीत के साथ उन्होंने चौथी बार एमएलसी बनने की राह मजबूत कर ली है। पटना स्नातक सीट पर उनकी जीत जेडीयू के लिए अहम मानी जा रही है।

पिता की तरह 'मैनेजमेंट...

साबित किया है। विपरीत परिस्थितियों के बीच पटना सीट पर नीरज कुमार की शानदार जीत ने ये साफ कर दिया है कि निशांत में राजनीतिक परिस्थितियों को संभालने का हुनर मौजूद है। इस ऐतिहासिक नतीजे के बाद जेडीयू के भीतर निशांत कुमार का राजनीतिक कद और प्रभाव जेडीयू के साथ-साथ एनडीए में काफी बढ़ गया है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने...

पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने 30 साल तक शिक्षकों के लिए कोई काम नहीं किया। शिक्षकों पर लाठियां बरसाई गईं और उनके साथ अन्याय हुआ। उन्होंने कहा कि अब वह शिक्षकों के हित में सभी जरूरी काम करेंगे और उनसे किए गए हर वादे को हर हाल में पूरा करेंगे।

प्रशांत किशोर को सारण में...

एमएलसी मदन मोहन झा को हरा दिया। सुरेश राय ने औपचारिक रूप से जन सुराज पार्टी की विधान परिषद में एंट्री करा दी है। वैसे तो जन सुराज समर्थित आफाक अहमद विधान परिषद के सदस्य रह चुके हैं, लेकिन वह निर्दलीय चुनाव जीत कर गए थे।

बिहार विधान परिषद चुनाव के नतीजों में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को एक तरफ सारण में झटका लगा, तो दूसरी तरफ मिथिला में पार्टी का खाता खुल गया है। सारण शिक्षक सीट से मौजूदा एमएलसी एवं जन सुराज प्रत्याशी आफाक अहमद बुरी तरह चुनाव हार गए। वहीं, मिथिला क्षेत्र की दरभंगा शिक्षक सीट पर सुरेश प्रसाद राय ने जीत दर्ज कर पीके की पार्टी को औपचारिक तौर पर विधान परिषद में एंट्री दिला दी है। जन सुराज ने आठों एमएलसी सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से तीन पर पार्टी के कैंडिडेट हार गए। बाकी चार सीटों के अंतिम नतीजे आना बाकी हैं, लेकिन वहां पर भी मतगणना में जन सुराज उम्मीदवार पिछड़े हुए हैं।

सारण शिक्षक एमएलसी चुनाव की मतगणना के दौरान मंगलवार को जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार आफाक अहमद प्रथम वरीयता की गिनती में ही तीसरे नंबर पर पहुंच गए। पहली वरीयता में निर्दलीय लड़े भाजपा के बागी राहुल राज को सर्वाधिक 2723 वोट मिले, जबकि जेडीयू के आनंद पुष्कर को 2440 और आफाक को 1999 वोट ही मिले।

फिर दूसरी वरीयता के मतों की गिनती में भी आफाक अहमद तीसरे नंबर पर ही रहे। राहुल राज ने 1815 वोटों के बड़े अंतर से चुनाव जीत लिया। अंतिम नतीजों में राहुल राज को 4965, आनंद पुष्कर को 3150 और आफाक अहमद को 2454 वोट मिले।

राजद ने भाजपा का 30...

केंद्रों पर न तो सीसीटीवी की व्यवस्था थी और न ही सूचनाओं का सही तरीके से आदान-प्रदान किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। तेजस्वी ने कहा कि वे चुनाव आयोग का विरोध नहीं करते, बल्कि आयोग में मौजूद गलत लोगों का विरोध करते हैं।

राजद, भाजपा, जन सुराज...

बाद डॉ. राहुल राज को 4965 मत मिले, जबकि आनंद पुष्कर को 3150 मत प्राप्त हुए। प्रथम वरीयता के मतों की गिनती में किसी भी प्रत्याशी को निर्धारित बहुमत का कोटा नहीं मिलने के बाद आगे की निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई, जिसके आधार पर डॉ. राहुल राज को विजयी घोषित किया गया। जीत के बाद उन्होंने वित्त रहित शिक्षकों को नियमित वेतन दिलाने और सातवें वेतनमान का लाभ दिलाने के लिए पहल करने की बात कही। उन्होंने शिक्षकों के वेतन, सेवा संबंधी सुविधाओं और अन्य लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाने का भरोसा दिया। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र संख्या-06 से भाजपा के वरिष्ठ नेता और निवर्तमान एमएलसी डॉ. एनके यादव ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाई है। मतगणना के अंतिम नतीजों में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 11 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया। प्रथम वरीयता के मतों की गिनती में डॉ. एनके यादव को 24,528, राजद के नितेश कुमार को 18,918 और जन सुराज के रजनीश रंजन को 15,536 मत मिले थे। जीत के लिए जरूरी 32,201 मतों का कोटा पूरा नहीं होने पर एकल संक्रमणीय मत प्रणाली के तहत द्वितीय वरीयता के मतों की गिनती की गई, जिसके बाद डॉ. यादव की बढ़त 11 हजार से अधिक हो गई। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पूर्णिया जिला स्कूल परिसर स्थित मतगणना केंद्र के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ जीत का जश्न मनाया। निर्वाची पदाधिकारी ने डॉ. एनके यादव को जीत का प्रमाणपत्र सौंपा।

पटना में अराजकता हटाओ...

सुविधा के लिए करीब 2,500 वर्गफुट क्षेत्र में आधुनिक कैफेटेरिया बनाया जाएगा. इसमें बैठने की जगह के साथ रसोई और काउंटर जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी. जलमीनार की खूबसूरती रात में भी दिखाई दे, इसके लिए वार्म एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी. परिसर की चारदीवारी को प्राकृतिक पत्थरों से सजाने के साथ आकर्षक गेट भी बनाया जाएगा.

पटना की 108 साल पुरानी...

की सुविधा के लिए करीब 2,500 वर्गफुट क्षेत्र में आधुनिक कैफेटेरिया बनाया जाएगा. इसमें बैठने की जगह के साथ रसोई और काउंटर जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी. जलमीनार की खूबसूरती रात में भी दिखाई दे, इसके लिए वार्म एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी. परिसर की चारदीवारी को प्राकृतिक पत्थरों से सजाने के साथ आकर्षक गेट भी बनाया जाएगा.

कर्मचारियों को दिवाली से...

गुणवत्ता जांचने के लिए परीक्षण और प्रमाणन सहायता, जमीन के लिए भूमि पट्टे पर लेने के लिए सहायता और फैक्ट्रियों के दैनिक काम-काज के लिए परिचालन व्यय सहायता शामिल है.

मैन्युफैक्चरर्स पर वित्तीय बोझ कम करने के मकसद से सरकार ने कैपेक्स पर विशेष ध्यान दिया है. इसके तहत पूंजीगत व्यय के लिए लिए गए टर्म लोन पर हर साल 3 फीसदी की ब्याज छूट दी जाएगी. इसके लिए सरकार ने 859 करोड़ का खास बजट तय किया है.

गड़खा में भीषण सड़क...

की 26 वर्षीय पत्नी अनुकुमारी, भगवान बाजार थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी भोला प्रसाद के 15 वर्षीय पुत्र अमन कुमार तथा रतनपुरा निवासी सुरेंद्र प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार शामिल हैं। हादसे में नौ माह की बच्ची निशु कुमारी समेत अन्य लोग भी घायल हुए हैं। मृतकों की पूरी जानकारी और पहचान की पुष्टि की प्रक्रिया जारी है ।पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

चक्रवात 'अर्नब' की वजह से...

से जूझ रहा है, तो दूसरी तरफ उत्तर भारत में ठंड बढ़ने और मौसम बिगड़ने के आसार हैं। तो आइए इन 10 तस्वीरों से देखें पूरे %अर्नब% साइक्लोन का असर...

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 28 से 30 अक्टूबर, उत्तराखंड में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर और हिमाचल प्रदेश में 29 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है। दूसरी ओर, चक्रवात से जुड़े वेदर सिस्टम के प्रभाव में तेलंगाना, विदर्भ, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की भी आशंका है। इस तरह देश के अलग-अलग हिस्सों में कहीं तूफान, कहीं बारिश और कहीं ठंड बढ़ने के संकेत हैं।

आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में तेज हवाओं और भारी बारिश से मौसम खराब है। वहीं, ओडिशा के बालासोर स्थित उदयपुर बीच पर समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। पूर्वी तट पर अलग-अलग जगहों के इन हालातों से हम समझ सकते हैं कि चक्रवात का असर केवल एक शहर या राज्य तक सीमित नहीं है। इसी बीच लोग इन लहरों में भी जिंदगी का लुत्फ ले रहे हैं।

आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में चक्रवात %अर्नब% के असर से तेज हवाएं चल रही हैं और भारी बारिश हो रही है। तूफान के कारण इलाके में मौसम काफी बिगड़ गया है। इसी बीच लोग अपनी रोजमर्रा की जिंदगी भी आराम के साथ जीने की कोशिश कर रहे हैं।

पीएनबी में 35 करोड़ की...

किसी अन्य खाते में भेज दी गई। खाता विनीत भाटी के नाम से बताया गया, लेकिन वह उनका अपना खाता नहीं था। जानकारी मिलने के बाद उन्होंने सोमवार को ब्रांच मैनेजर से फोन पर बात की। उन्हें शाखा में कार्रवाई और मामले को लेकर जानकारी दी गई। मगर बाद में एक महिला बैंक कर्मचारी ने भी फोन कर रकम वापस करने का भरोसा दिया, जिसकी रिकॉर्डिंग उनके पास है। बिरौंडा से सेक्टर-पाई क्षेत्र में रहने वाले गौतम ने बताया कि उनके पिता का खाता भी इसी शाखा में है। सोमवार को पिता को 50 हजार रुपये की जरूरत थी। बैंक पहुंचकर निकासी के लिए आवेदन किया तो पता चला कि खाते में केवल 16 हजार रुपये बचे हैं। खाते में पहले करीब 94 लाख रुपये जमा थे।

एक अन्य खाताधारक ने बताया कि उनकी मां के खाते में नोएडा एयरपोर्ट के लिए जमीन जाने के बाद करीब एक करोड़ 29 लाख रुपये का मुआवजा आया था। परिवार ने इसमें से करीब 15 लाख रुपये ही निकाले थे। आरोप है कि इसके बावजूद खाते में एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम कम मिली। खाताधारक ने रकम की जांच और वापस दिलाने की मांग की है।

अन्य खाताधारकों ने भी एफडी और बचत खातों से रकम गायब होने की शिकायत की। एक व्यक्ति के मुताबिक उनकी करीब 15 लाख रुपये की एफडी थी। बैंक पहुंचने पर उन्हें पता चला कि एफडी खत्म हो चुकी है। संजय नाम के एक अन्य व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उनकी करीब 10 लाख रुपये की एफडी तोड़कर रकम किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दी गई। वहीं हनीफ ने आरोप लगाया कि उनके खाते से करीब 39 लाख रुपये निकाल लिए गए। उनका कहना है कि हेड ऑफिस में संपर्क करने के बाद भी उन्हें संतोषजनक आश्वासन नहीं मिला।

मंगलवार को कई खाताधारक बैंक पहुंचे। आरोप है कि करीब 50 लोगों ने बैंक परिसर में हंगामा कर रकम वापस कराने और जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की। विनीत ने अपने मोबाइल से डायल-112 पर सूचना दी। आरोप है कि मौके पर मौजूद बैंक कर्मचारियों ने कई खातों में करीब 35 करोड़ रुपये की हेराफेरी की बात बताई। हालांकि, इस रकम और प्रभावित खातों की वास्तविक संख्या की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। खाताधारकों का कहना है कि उनकी जीवनभर की जमा पूंजी बैंक में सुरक्षित नहीं रही तो वे कहां जाएं। फिलहाल पुलिस शिकायतों और बैंक से मिली जानकारी के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

वहीं पुलिस का कहना है कि पुलिस के मुताबिक करीब 16 लोगों के साथ धोखाधड़ी की बात सामने आई है। बैंक की एंटी करप्शन टीम की ओर से भी मामले की जांच कराई जा रही है। जिन बैंक मैनेजर और कर्मियों की भूमिका गड़बड़ी सामने आई है। उन्हें निलंबित कर दिया गया है। बैंक की ओर से तीन से चार दिन में रकम वापसी का आश्वासन दिया गया है। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा संतोष कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

पासपोर्ट वेरिफिकेशन रिपोर्ट में...

सूचीबद्ध किया गया। याची ने अपना पासपोर्ट फिर से जारी करने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले से जुड़ी पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट के कारण उनका आवेदन गत 12 मई से लंबित था। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच के बाद पुलिस ने याची के संबंध में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। यह भी बताया गया कि सह अभियुक्त राम ध्यान के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। साथ ही पुष्टि की गई कि याची का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। इन परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने कहा कि क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी को याची के शैक्षणिक रिकॉर्ड, जन्म तिथि, नाम और अन्य विवरणों की जांच करने के बाद लंबित आवेदन पर निर्णय लेना चाहिए ।कोर्ट ने संबंधित प्राधिकरण को आदेश दिया कि इस आदेश की प्रमाणित प्रति पेश किए जाने के छह सप्ताह के भीतर आवेदन का निस्तारण किया जाए। कोर्ट ने सटीक पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए कहा कि हर पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट में पुलिस अधिकारी केवल केस क्राइम नंबर या अदालत में दाखिल चार्जशीट का विवरण देकर अपना काम पूरा नहीं मान सकते। रिपोर्ट में यह स्पष्ट होना चाहिए कि पासपोर्ट आवेदक के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई है या नहीं और यदि हां तो अदालत ने उस पर संज्ञान लिया है या नहीं। साथ ही चार्जशीट अदालत में पेश नहीं की गई तो यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि उसकी मौजूदा स्थिति क्या है। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में यह भी बताया जाना चाहिए कि मजिस्ट्रेट ने क्लोज़र रिपोर्ट पर कोई आदेश किया है या नहीं। यदि मुकदमा शुरू हो गया तो उसकी स्थिति भी बताई जानी चाहिए। उचित सत्यापन के बाद पासपोर्ट कार्यालय या विदेश मंत्रालय को भेजे जाने वाले पुलिस सत्यापन फॉर्म में ये सभी विवरण शामिल होने चाहिए। इसलिए कोर्ट ने प्रदेश के डीजीपी को आदेश का पालन सुनिश्चित करने और रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

जलजमाव की समस्या के समाधान हेतु अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

बिक्रमगंज (आससे) अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के निर्देश पर प्रखंड बिक्रमगंज अंतर्गत पंचायत खैरा भूधर के ग्राम करमैनी में जलजमाव की गंभीर समस्या के समाधान हेतु अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई।

उक्त कार्रवाई प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी श्री अखिलेश्वर कुमार की उपस्थिति में की जा रही है ।उल्लेखनीय है कि ग्राम करमैनी में जल निकासी बाधित होने के कारण लगभग 50 एकड़ में लगी धान की फसल जलजमाव से प्रभावितहो रही थी। इस समस्या के कारण किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था तथा उनकी फसल को नुकसान होने की आशंका बनी हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा आवश्यक पहल करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को अतिक्रमण हटाकर जल निकासी की व्यवस्था सुचारू करने हेतु निर्देशित किया गया।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९२७
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।